>

Title: Need to accord approval to the pending projects under Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana in Uttar Pradesh.

**श्री आर.के.िसह पटेल (बांदा):** भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री जी द्वारा लोक सभा में एक प्रश्न के जवाब में वक्तव्य दिया गया था कि राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से देश के पिछड़े क्षेत्रों के तथा दूर-दूर बसे उन सभी बसावटों/मजरों को वर्ष 2012 तक विद्युतीकरण करके बिजली पहुंचा दी जाएगी, जिनकी आबादी 100 से अधिक है तथा मैदानी भागों में 300 की आबादी वाले सभी मजरों/गांवों में विद्युतीकरण करा दिया जाएगा, किंतु अभी तक उत्तर प्रदेश के पिछड़े पहाड़ी भागों के जिलों जैसे चित्रकूट एवं बांदा में ये योजना बंद हो गई है। 5 वर्ष पूर्व जो कार्य हुए थे उनमें 500 से 1000 तक की आबादी वाले राजस्व गांवों में बिजली पहुंचाई गई थी। 500 से कम आबादी वाले मजरे (पुरवे/बसावटों) में अभी तक योजना की शुरूआत नहीं हुई है, जबकि वित्तीय वर्ष 2011-12 का आधा समय बीत चुका है किंतु उत्तर प्रदेश में बांदा एवं चित्रकूट सहित कई जिलों में प्रस्ताव स्वीकृति हेतु लंबित है।

अतः मैं माननीय ऊर्जा मंत्री जी से मांग करता हूं कि राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से उत्तर प्रदेश में 100 से अधिक आबादी वाले गांवों/बसावटों का विद्युतीकरण किए जाने हेतु प्रस्तावों को स्वीकृति देने की तत्काल घोषणा करने का कष्ट करें जिससे बुंदेलखंड के पिछड़े गांवों तक बिजली पहुंचाई जा सके।